# समाहरणालय, गोपालगंज

(जिला बाल संरक्षण इकाई)

पत्रांक 270 दिनांक 6/5/2026

पता—समाहरणालय परिसर, गोपालगंज Email Id:-dcpsgopalganj@gmail.com +9060199116

## विज्ञापन संख्या—01/2026

**विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, गोपालगंज में संविदा के आधार पर अस्थायी नियोजन हेतु विज्ञापन**

निदेशक, समाज कल्याण—सह—उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के ज्ञापांक—21 दिनांक—22.01.2024 के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, गोपालगंज द्वारा **मिशन वात्सल्य योजना** अन्तर्गत संचालित 0—6 वर्ष आयु वर्ग के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के आवासन हेतु संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA) गोपालगंज में संविदा आधारित अस्थायी पदों के लिए निर्धारित योग्यता एवं मानदण्ड के अनुरूप निम्नलिखित पदों पर नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है:—

### न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं नियोजन में अधिमानता

| Sl. No. | Name of Post | Essential Qualification | Experience | Age | No. of Post & Reservation Category | Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Manager/ Coordinator | Graduate in Social work /sociology/Psychology/Child Development/Human Right Public Administration/Psychiatry/Law/Public Health from a recognized University & Diploma in computer Application | At least 2 years of working experience in Child/Women related Programme. | 21 yrs. to 37 Yrs for Male, 21 yrs. to 40 yrs. for Female | UR-01 | Rs. 23,170/- |
| 02 | Social worker-cum-Early Childhood Educator | Graduate in social work /Psychology/Law | At least 01 years of working experience in Project like JJ Act, POCSO, Child Labour, Human Trafficking, Drug Abuse, Legal Assistance, Child Marriage, Primary Education. | 21 yrs. to 37 Years for Male, 21 yrs. to 40 yrs. for Female | UR-01 | Rs. 18,536/- |
| 03 | Nurse | Intermediate with G.N.M/ Bachelor degree in Nursing from a Government/ Indian Nursing Council recognized Nursing Institution. | A Minimum of 1 year experience in a hospital/Health facility. | 21 yrs. to 37 yrs. for Male 21 Yrs. to 40 Yrs Female | UR-01 | Rs. 11,916/- |
| 04 | Doctor (Part time) | MBBS (Child Specialist | On Referral | 21 Yrs. to 37 yrs. for male 21 Yrs. to 40 Yrs. for female | UR-01 | Rs. 9,930/- |
| 05 | Ayah | 08th Pass | - | 18 Yrs to 37 Yrs. for Male & 18 yrs to to 40 Yrs female UR 18 yrs to to 40 Yrs Male & female BC & EBC 18 yrs to to 42 Yrs Male & female SC | UR-03 BC-01 EBC-01 SC-01 | Rs. 7,944/- |
| 06 | Chowkidar | 08th Pass | - | 18 Yrs. to 37 Yrs. for Male, 18 Yrs to 40 Yrs . for female | UR-01 | Rs.7,944/- |

1. स्नातक का तात्पर्य न्यूनतम त्रिवर्षीय स्नातक से एवं स्नात्कोतर का तात्पर्य दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम से है। स्नातक आधारित न्यूनतम योग्यता हेतु अभ्यर्थियों को योग्य तभी माना जाएगा जब उक्त विषय में तीन वर्षीय स्नातक डिग्री मुख्य विषय के रूप में प्राप्त की गयी हो।
2. केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत वैध संस्थाओं अथवा नीति आयोग पर पंजीकृत गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सक्षम प्राधिकार के कार्यालय ज्ञापांक एवं दिनांक के साथ निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। अंतिम 06 माह का वेतन/परिश्रमिक/मानदेय भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक स्टेटमेंट/वेतन विवरण प्रस्तुत करना होगा। विद्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र हेतु यह अनिवार्य है कि उक्त विद्यालय शिक्षा विभाग/मान्यता प्राप्त बोर्ड से संबंद्ध हो एवं प्रमाण पत्र कार्यालय ज्ञापांक, दिनांक के साथ निर्गत हो।
3. अभ्यर्थी द्वारा समर्पित सभी शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधित दस्तावेज जिसके आधार पर नियोजन किया जाना है उसका सत्यापन प्रमाण पत्र जारी करने वाले कार्यालय से कराया जा सकता है।
4. नियोजन से पूर्व अथवा बाद में जब कभी भी ज्ञात हो, सत्यापन में दस्तावेज फर्जी पाये जाने की स्थिति में नियोजन रदद् करते हुए अभ्यर्थी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगता धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रमाण पत्र निर्गत करने में जारीकर्ता संस्था के किसी पदाधिकारी/कर्मी की संलिप्ता पाये जाने पर उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
5. नियोजन के बाद शैक्षणिक/अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की स्थिति में मानदेय के रूप में दी गई राशि की वसूली की जाएगी।

**परिवीक्षा अवधि–**

1. **मानदेय आधारित उपरोक्त सभी संविदा आधारित पदों पर प्रारंभ में 01 वर्ष प्रोबेशन अवधि के साथ नियोजन किया जायेगा। प्रोबेशन अवधि के संतोषजनक होने के उपरांत सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।**

**<u>चयन की प्रकिया:–</u>**

1. पदवार निर्धारित योग्यता तथा न्यूनतम कार्य अनुभव की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत, उच्चतर डिग्री हेतु निर्धारित अंक तथा साक्षात्कार के लिए अंकों के वेटेज के आधार पर मेधा सूची का निर्माण कर किया जाएगा। न्यूनतम कार्य अनुभव रखना अनिवार्य होगा लेकिन इसे मेधा सूची हेतु अंक गणना में सम्मिलित नही किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी पद विशेष हेतु निर्धारित विषय विशेष में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नही किया जाएगा।
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आधारित चयन प्रकिया में प्रारंभिक मेधासूची 60 अंको की बनायी जायेगी। जिसमें न्यनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रतिशत प्राप्तांक हेतु 50 प्रतिशत अंक तथा 10 (5+5) अंक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में उसी विषय से अधिकतम 02 उच्चतर डिग्री हेतु दिए जायेंगे। उक्त प्रारंभिक मेधासूची से एक निश्चित संख्या में अभ्यिर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु 40 अंक निर्धारित किये जाते है। अंतिम मेधासूची शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार के अंको को जोड़कर 100 अंको के आधार पर बनायी जाएगी।पारा मोडिकल, नर्स एवं ए0एन0एम0 का प्रारंभिक मेधा सूची निर्धारित करने हेतु अंको की गणना नर्सिंग में डिप्लोमा/डिग्री में प्राप्त अंको के आधार पर की जाएगी।
3. सरकार द्वारा भविष्य में इन पदों पर स्थायी नियुक्ति होने पर यह नियोजन स्वतः समाप्त माना जायेगा।

4. आवेदको से ऑनलाईन/ई–मेल से ही आवेदन प्राप्त किये जायेगें एवं सभी प्राप्त आवेदनों को पदवार एवं तिथिवार पंजी में संधारित करना अनिवार्य होगा।
5. एक से अधिक पदों के लिए पात्रता होने पर अलग–अलग आवेदन करना होगा।
6. मेधा सूची में समान अंक रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

## नियोजन की शर्तेः–

1. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सरकारी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित इन कर्मियों द्वारा सरकारी सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
2. मान्य वैधानिक कारणों से चयनित कर्मियों का नियोजन समाप्त करने का अधिकार चयन समिति के पास होगा।
3. चयनित कर्मियों को संस्थान में नियमानुसार आवासन सुनिश्चित करना होगा।

## नियोजन की अवधिः–

1. मानदेय आधारित उपरोक्त सभी पद संविदा आधारित होंगे, जो योजनावधि या 60 वर्ष की आयु जो भी पहले लागू हो, तक के लिए है। अस्वथता या अनुशानिक आधार पर अथवा सेवा असंतोषजनक होने के कारण योजनावधि अथवा 60 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, के पूर्व भी नियुक्ति प्राधिकार द्वारा सेवा समाप्त की जा सकती है।
2. पदों के लिए अर्हता एवं मानदेय वही होगा जो मिशन वात्सल्य के अनुदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित किये जाऐंगे।
3. केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा पद समाप्त किये जाने या योजना मद में आवंटन समाप्त किये जाने पर पद स्वतः समाप्त माना जायेगा।

## उम्र सीमा–

न्यूनतम उम्र सीमा– इंटर स्तर तक के पदों के लिये न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा स्नातक एवं उच्च स्तरीय पदों के लिये न्यूनतम उम्र सीमा 21 वर्ष होगी।

अधिकतम उम्र सीमा– संविदा पर नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा–

- अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष।
- अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष।
- पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष।
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष
  (समय–समय पर सामान्य प्रशासन विभाग के मानकों के अनुरूप उपर्युक्त उम्र सीमा परिवर्तनशील होगी।)
- राज्य बाल संरक्षण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल देख रेख संस्थानों में कार्यरत वैसे कर्मी जो विज्ञापित पद के विरूद्ध योग्यता रखते है, उन्हें आवेदन करने हेतु उक्त संस्थानों में उनके नियोजन के उपरांत किए गए कार्यावधि की समतुल्य अवधि की छूट अधिकतम उम्र सीमा में दी जाएगी। उम्र छूट का यह लाभ सिर्फ उसी पद पर नियोजन के विरूद्ध दिया जाएगा जिस पद पर पूर्व नियोजन के दौरान कार्य किया गया है। किसी कार्यरत वर्ष के अंश को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

- आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से की जाएगी।

**आरक्षण:–**

नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना द्वारा समय समय पर निर्गत आरक्षण के अद्यतन प्रावधान (क्षैतिज आरक्षण सहित) लागू होगें।

**आवेदन करने की प्रक्रिया:–**

1. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन पत्र, बायोडाटा, फोटोग्राफ, सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र/अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षण के लाभ हेतु), आवासीय प्रमाण पत्र (आरक्षण लाभ हेतु) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति ईमेंल **(dcpsgopalganj@gmail.com)** पर भेज सकते है। आवेदन पत्र **दिनांक–02/06/2026** के **शाम 05:00** बजे तक स्वीकार किया जाएगा। उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात तथा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही होंगे। ऑनलाईन/ई–मेल के माध्यम से ही आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

2. उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की औपबंधित सूची, दावा आपति, अभ्यर्थियों की मेधा सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर https://gopalganj.bih.nic.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नही होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**अन्यान्य:–**

1. विज्ञापन सं0–01/2025 को निरस्त किया जाता है।

6/5/26

**सहायक निदेशक,**
**जिला बाल संरक्षण इकाई,**
**गोपालगंज।**

# विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, गोपालगंज में संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र

विज्ञापन सं0–01/2026

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा–अनुक्रमांक........................आवेदन –पत्र प्राप्ति की तिथि...................)

नवीनतम् रंगीन
स्व0अभिप्रमाणित
पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम :–
2. आवेदक का नाम :–
   क) हिन्दी में :–
   ख) अग्रेजी में बड़ अक्षरों में) :–
3. पिता/पति का नाम :–
4. माता का नाम :–
5. लिंग (महिला/पुरूष) :–
6. जन्म तिथि (तिथि/माह/वर्ष) :–
7. कोटि (सामान्य/अ0पि0व0/पि0व0/अनु0जा0/अनु0ज0जा0) :–
8. मोबाईल नम्बर :–
9. ई–मेल :–
10. स्थायी पता :–

11. पत्राचार का पता :–

12. शैक्षणिक योग्यता :–

| क0स0 | शैक्षणिक | बोर्ड/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय | विषय/संकाय | उत्तीर्ण | प्राप्तांक/कुल अंक | % अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मैट्रिक या समकक्ष | | | | | |
| 02 | इंटरमीडिएट | | | | | |
| 03 | स्नातक | | | | | |
| 04 | एम0बी0बी0एस0 | | | | | |
| 05 | डिप्लोमा | | | | | |
| 06 | तकनीकी शिक्षा | | | | | |
| 07 | अन्य | | | | | |

13. कार्य क्षेत्र में अनुभव :–..........................................................................वर्ष.............माह.................दिन
14. कम्प्यूटर क्षेत्र में ज्ञान/MS Office में कार्य करने की क्षमता (हॉ/नही):–.............(यदि हॉ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

## घोषणा

मैं.........................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गई जानकारी मेरे सर्वोतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं जानता/जानती हूँ कि नियोजन के किसी भी चरण में मेरे द्वारा दी गयी जानकारी गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियोजन बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी।

स्थान:–
दिनांक:–

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर